हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

13 महिला आयोग की उपाध्यक्ष पहुंची थाने, सुनीं शिकायतें



14 आंदोलन की राह पर डॉक्टर, काले बिल्ले लगा ...



फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P.P. Jewellers
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- डीसी एसपी समाधान शिविर लगाएंगे सुबह 9 से 11 बजे तक
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- एमकेजेके कॉलेज में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सुबह 10 बजे से
- नगर निगम द्वारा नालों की सफाई का काम जारी रहेगा
- पीजीआई में गैर शिक्षक कर्मचारियों के चुनाव को लेकर होगी बैठक

## खबर संक्षेप

### मदविः असेसमेंट अवार्ड्स 17 तक अपलोड

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड दो वर्षीय पाठ्यक्रम (स्पेशल एजुकेशन समेत) के प्रथम व दूसरे वर्ष के इंटर्नल असेसमेंट अवार्ड्स अपलोड करने के लिए पैनल ओपन है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीएड दो वर्षीय पाठ्यक्रम (स्पेशल एजुकेशन समेत) के प्रथम व दूसरे वर्ष के इंटर्नल असेसमेंट अवार्ड्स 17 जुलाई तक पैनल पर अपलोड किए जा सकते हैं।

### पीजी प्रवेश परीक्षाएं 14 से 18 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों (पीजी प्रोग्राम्स) में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून तक विश्वविद्यालय को 14, 446 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एम.टेक तथा एम. फार्मेसी पाठ्यक्रमों की छोड़कर बाकी सभी पाठ्यक्रम की आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून तक थी। विश्वविद्यालय की पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। मेरिट लिस्ट 26 जुलाई को जारी की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया संबंधित सभी विवरण एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### एम फार्मेसी में दाखिले को 10 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में एम.टेक तथा एम.फार्मेसी पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि सत्र 2024-2025 में एम.टेक व एम.फार्मेसी पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 10 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### 14.23 लाख की ठगी के मामले में आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की साइबर थाना टीम ने 14 लाख 23 हजार रुपये की ठगी की वारदात में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। साइबर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि गांव माडौदी जाटान निवासी सचिन ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि सचिन ने जमीन बेची थी, जिसके रुपये खाते में थे।

### तीन नए क्रिमिनल कानून लागू, जल्द न्याय मिलेगा, अपराधों पर भी लगेगी लगाम

# नई धाराओं के तहत एफआईआर शुरू, पहले ही दिन युवक पर फायरिंग, चोरी व सड़क हादसा, तीनों में लगी नई धाराएं

- चोरी पर आईपीसी की धारा 380 के तहत केस दर्ज होता था, अब भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 303 के तहत केस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नए कानून लागू होने के पहले ही दिन नई धाराओं के तहत तीन केस दर्ज किए गए। पहला मामला आईएमटी थाने में युवक पर फारिंग करने का दर्ज किया गया। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 109 109 (1), 3 (5) के तहत केस दर्ज किया है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता 25, 27-54-59 आर्म्स एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं। दूसरा केस सांपला थाने में कार चोरी का दर्ज किया गया है। पहले ऐसी चोरी पर आईपीसी की धारा 380 के तहत केस दर्ज होता था, अब भारतीय न्याय संहिता की नई धारा 303 के तहत केस दर्ज किया गया है। तीसरा केस बहुअकबरपुर थाने का है। यहां दुर्घटना के मामले में नई धारा यूएस 125ए, 281 के तहत एफआईआर की गई है। बता दें कि बीएनएस में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं और 19 प्रावधान हटाए गए हैं। वहीं, 33 अपराधों में सजा बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। हत्या के मामले में अब बीएनएस की धारा-103 (1), आत्महत्या के लिए उकसाने पर 108, जानलेवा हमले में 109, गैर इरादतन हत्या में 106, दहेज हत्या के लिए 80, दुष्कर्म की धारा-63, भ्रूण हत्या पर 89, अपहरण में 37(2), छेड़छाड पर 296, धोखाधड़ी करने पर 316 और अश्लील हरकत करने पर बीएनएस की धारा 79 में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### युवक पर कार सवार बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, जान से मारने की धमकी

गांव भालौठ में गत रात्रि एक युवक पर कार सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर जानलेवा हमला किया। आरोपी युवक को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। फायरिंग करने वाले आरोपियों में पीड़ित युवक के दोस्त भी शामिल बताए जा रहे हैं। आरोपियों ने ट्रैक्टर एजेंसी के पैसे देने से रोकने पर वारदात को अंजाम दिया बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले में पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। गांव भालौठ निवासी अमन ने आईएमटी थाने में दी शिकायत में बताया कि वह एक किसान है और खेती बाड़ी करता है। उसने करीब छह महीने पहले गांव के ही मुकुल को लोन पर ट्रैक्टर दिलाया था। लेकिन मुकुल ने एजेंसी वाले को लोन के 35 हजार रुपये नहीं दिए। एजेंसी वाले ने अमन को फोन करके पैसे जमा करवाने को कहा। इसके बाद अमन ने मुकुल को पैसे जमा करवाने के लिए कहा। मुकुल ने एजेंसी वाले को फोन करके कहा कि अमन को क्यों बुलाते हो, मैं तुम्हें तुम्हारे पैसे दे दूंगा। इसके बाद आरोपी ने अमन पर जानलेवा हमला कर दिया।

### घर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर दिया वारदात को अंजाम

अमन ने बताया कि 30 जून की आधी रात को वह रोहतक से अपने दोस्त की गाड़ी में सवार होकर गांव गया था। इसके बाद वह पैदल-पैदल घर जा रहा था। जब वह घर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर था तो पाक्समा रोड की तरफ से एक गाड़ी आई, जिसमें चार लोग सवार थे। गाड़ी में सवार लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से करीब 10-12 राउंड फायर कर दिए। गनीमत रही कि उसे एक भी गोली नहीं लगी। वहीं आरोपी देख लेने व जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### घटनास्थल पर पुलिस को मिले दो खोल

आईएमटी थाना के जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि गांव भालौठ में युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम व सीन ऑफ क्राइम टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पुलिस को गोली के दो खोल मिले हैं। पुलिस ने पीड़ित अमन की शिकायत पर आरोपी मुकूल उर्फ भोलू, विकास उर्फ नारद, अनिल उर्फ छोटू व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

## जेल में अधिकतम सजा काट चुके कैदियों को उसके निजी बांड पर रिहा किया जा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के तहत ही आपराधिक मामले दर्ज किए जाएंगे। नए कानूनों के तहत ही कार्यवाही की जाएगी। नए कानून को लेकर सभी प्रभारी थाना-चौकी को दिए गए दिशानिर्देश के अनुसार आमजन को जागरुक किया गया है। सभी थाना प्रभारी द्वारा थाना में एसोसिएशन प्रधान, मौजिज व्यक्तियों व थाना में आने वाले व्यक्तियों को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के बारे में बताया गया। तीन नए कानूनों को लेकर पुलिस जांच के तरीके हुए बदलाव बारे बताया गया ताकि आमजन को नए कानून बारे जानकारी हो। एसपी ने बताया कि सीआरपीसी में जहां कुल 484 धाराएं थीं, वहीं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। कुल 177 ऐसे प्रावधान हैं जिसमें संशोधन हुआ है। 9 नई धाराएं व कुल 39 उपधाराएं जोड़ी गई हैं और 14 धाराओं को निरस्त कर दिया गया है। बीएनएसएस, 2023 में सबूतों के मामले में ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक्स तरीके से जुटाए जाने वाले सबूतों को प्रमुखता दी गई है। नए कानून में किसी भी अपराध के लिए जेल में अधिकतम सजा काट चुके कैदियों को उसके निजी बांड पर रिहा करने का प्रावधान रखा गया है। वहीं, भारतीय साक्ष्य अधिनियम में कुल 170 धाराएं होंगी। पहले के इंडियन एविडेंस एक्ट के तहत कुल 167 धाराएं थी। 6 धाराओं को निरस्त किया गया है और 2 नई धाराएं व 6 उप धाराओं को जोड़ा गया है।



**रोहतक।** आर्य नगर थाने में नए कानूनों को लेकर व्यापारियों को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

### केस नंबर -2

#### दंपति को एक अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

गांव भाली आनंदपुर शुगर मील के पास स्कूटी सवार दंपत्ति को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दंपति घायल घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। सागर ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह दिल्ली का रहने वाला हूं। मैं फायर सर्विस में काम करता हूं। 30 जून को सुबह मेरी माता शकुंतला व मेरे पापा स्कूटी से मेरे मामा के घर कलानौर आए थे। तो शाम के समय करीब 6.30 बजे मेरे पापा ने फोन करके घर पर बताया कि उनका शुगर मील गांव भाली आनंदपुर के पास एक्सीडेंट हो गया है। पुलिस ने नई धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### केस नंबर -3

#### घर के बाहर खड़ी कार चोरी

गांव नयाबास में एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ी कार चोरी हो गई। सांपला पुलिस चौकी ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विक्की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हर रोज की तरह कार को घर के बाहर खड़ी की थी। सोमवार को सुबह तीन बजे देखा कि कार घर के बाहर खड़ी नहीं थी। इसके बाद आसपास भी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। वहीं पुलिस ने बीएनएस धारा 303 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## झज्जर चुंगी: ऑटो में सवार 10-15 लोगों पर तेजधार हथियार से किया हमला, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

झज्जर चुंगी स्थित एक ऑटो में सवार 10 से 15 लोगों पर कुछ लोगों ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। वारदात उस समय हुई जब ऑटो सवार लोग झगड़े की शिकायत थाने में देकर लौट रहे थे। हमले में ऑटो सवार पिंकी, स्नेहा, रेणू, राजकुमार व कार्तिक घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। वहीं, इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि सोमवार रात को पांचों लोग ऑटो में सवार होकर शिवाजी कॉलोनी थाना में शिकायत देने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान अक्षित व उसके साथियों ने तेजधार हथियारों से झज्जर चुंगी के पास उनका रास्ता रोक लिया। जिसके बाद तेजधार हथियारों से ऑटो सवारों पर हमला कर दिया। इस वारदात में पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और ऑटो भी टूट गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वहीं घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। वहीं, पुलिस जांच में जुट गई।

### दो दिन पहले हुआ था दो युवकों में झगड़ा



**रोहतक।** ऑटो का टूटा शीशा एवं पीजीआई में उपचाराधीन घायल। फोटो : हरिभूमि

### की जा रही जांच

झज्जर चुंगी पर एक ऑटो पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, घायलों को पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। पुलिस मामले मामले की जांच कर रही है। आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-प्रदीप कुमार,** थाना प्रभारी

## मदविः आवेदन तिथि 10 तक बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सत्र 2024-25 से संचालित किए जा रहे बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ चार वर्षीय पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि नूतन रोजगार पाठ्यक्रम बैचलर ऑफ पब्लिक हेल्थ के एडमिशन शेड्यूल को रिवाइज किया गया है। इस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 12 को डिस्प्ले की जाएगी। प्रथम फिजिकल काउंसलिंग 15 को आयोजित की जाएगी, दाखिला मिलने की सूरत में 16 तक फीस जमा होगी। रिक्त सीटों की सूची 17 को डिस्प्ले की जाएगी। दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 19 जुलाई को आयोजित की जाएगी और फीस 20 तक जमा करानी होगी। सीटें खाली रहने की सूरत में रिक्त सीटों की सूची 22 को डिस्प्ले की जाएगी। तीसरी फिजिकल काउंसलिंग 23 को आयोजित होगी, फीस 24 तक जमा होगी।

### मदविः कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित बी.वोकेशनल आईटी के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर व छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बी. वोकेशनल एमएमआईटी के छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बी.वोकेशनल आरएम के छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बी. वोकेशनल एसएनएंडपी के दूसरे व छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बीबीए की पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर व छठे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, बीबीए सेकेंड के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर व छठे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, बीबीए- सीएएम/बीई के पांचवें सेमेस्टर की री-अपीयर व छठे सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, दर्शनाचार्य प्रथम व दूसरे वर्ष फुल, साहित्याचार्य प्रथम, दूसरे व तीसरे वर्ष की फुल व री-अपीयर, शास्त्री गुरूकुल स्कीम/एमडीयू स्कीम की प्रथम, दूसरे व तीसरे वर्ष की फुल व री-अपीयर, व्याकरणाचार्य के प्रथम व दूसरे वर्ष की फुल तथा वेदाचार्य के प्रथम वर्ष फुल की परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है।

**दिक्कत** ● जून में भी वेतन देने के लिए विश्वविद्यालय को कई तरह के पापड़ बेलने पड़े थे

# खराब होने लगे एमडीयू के हालात, कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

छात्र महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को फीस नहीं बढ़ाने दे रहे और सरकार यूनिवर्सिटी को जरूरत के मुताबिक बजट उपलब्ध नहीं करवा रही। इन परिस्थितियों के बीच अब विश्वविद्यालय का दिवाला पिटने लगा है। हर महीने की एक तारीख को कर्मचारियों को वेतन मिल जाता था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। मई का वेतन कर्मचारियों के खाते में सोमवार को जमा होना था, लेकिन नहीं हुआ। वजह है विश्वविद्यालय के पास इतना पैसा नहीं था कि कर्मियों को सैलरी दी जा सके। कर्मचारियों को पता है कि यूनिवर्सिटी के पास सैलरी देने के लिए पैसा नहीं है। इसलिए कर्मचारी वेतन की व्यवस्था करवाने का अनुरोध लेकर विश्वविद्यालय के एक अधिकारी के पास पहुंचे। लेकिन अफसर ने भी फिलहाल हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में वेतन कब मिलेगा, फिलहाल तक कुछ कहा नहीं जा सकता है। कुल मिलाकर विश्वविद्यालय प्रशासन दो पाटों के बीच पिस रहा है। विश्वविद्यालय में इस समय 700 के करीब मिनिस्ट्रीयल स्टाफ और 300 के करीब शिक्षक हैं। इसके अलावा 1200-1300 हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) और ठेके पर नौकरी कर रहे हैं। इन्हें हर महीने की पहली तारीख को वेतन मिल जाता था। पहले सप्ताह-दूसरे सप्ताह में ही एचकेआरएन कर्मियों को सैलरी यूनिवर्सिटी दे देती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। सूत्र बताते हैं कि पिछले महीने भी यूनिवर्सिटी ने कर्मचारियों को वेतन देने के लिए कई तरह की व्यवस्था करनी पड़ी थी।




### सैलरी के देने होते हैं 20 करोड़

एक महीने की सैलरी देने के लिए यूनिवर्सिटी को करीब 20 करोड़ रुपये की जरूरत होती है। इस हिसाब से एक साल में करीब 250 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ती है। बताया जा रहा है कि प्रदेश 250 करोड़ रुपये में केवल 25 प्रतिशत एमडीयू को मुहैया करवाती है। 75 फीसदी वेतन का पैसा विश्वविद्यालय को अपने संसाधनों से जुटाना होता है। ये संसाधन जुटाने के लिए पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ने फीस बढ़ाई। लेकिन सरकार ने ही इस प्रयास को सिरे नहीं चढ़ने दिया। नई शिक्षा नीति के तहत शुरू किए गए पाठ्यक्रमों की फीस में बढ़ोतरी की गई। इस वृद्धि के खिलाफ छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया। छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच इस मुद्दे को लेकर बातचीत चल रही थी कि प्रदेश की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने चंडीगढ़ में बकायदा प्रेस कांफ्रेंस करके एमडीयू पर सवाल खड़े कर दिए। और कहा कि फीस बढ़ोतरी गलत है। मंत्री के इतना कहते हैं कि छात्रों को बड़ा सहारा मिल गया। और अंत में विश्वविद्यालय प्रशासन ने पांच गुना तक बढ़ाई फीस का निर्णय गत 22 जून को रद कर दिया। चूंकि मंत्री महोदया ने दो चार महीने बाद चुनाव लड़ना था। इसलिए छात्रों की नाराजगी मोल लेने की स्थिति में नहीं थी और फीस बढ़ाने का निर्णय रद करवा दिया।

### बढ़ोतरी का नहीं है फार्मूला

बताया रहा है कि प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालय में केवल एमडीयू में ही सबसे कम फीस है। जो यूनिवर्सिटी एमडीयू के बाद अस्तित्व में आई थी। उनकी फीस एमडीयू से कहीं ज्यादा है। शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए फीस में पांच गुना तक की बढ़ोतरी की गई थी। एकदम से इतनी बढ़ोतरी की जाएगी तो कोई भी इसे गलत ही कहेगा। हर साल फीस में कुछ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए तो वह छात्रों को खलेगी नहीं। प्रत्येक वर्ष बढ़ोतरी का फार्मूला आज तक लागू नहीं किया।

### वेतन दिलाया जाए

सरकार ने तुरंत कर्मचारियों को वेतन देने के लिए यूनिवर्सिटी को पैसा देना चाहिए। अगर जल्द से जल्द सैलरी नहीं दी गई तो छात्र कर्मचारियों के साथ खड़े होंगे। सरकारी विश्वविद्यालयों को जरूरत के मुताबिक पैसा मुहैया करवाना सरकार की जिम्मेदारी है। **-दीपक धनखड़,** छात्र नेता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक

### खर्च में नहीं कटौती

पिछले दिनों फीस में पांच गुना तक की बढ़ोतरी विश्वविद्यालय करने जा रहा था। लेकिन अपने खर्च में कटौती नहीं की जाती है। ऐसे में वेतन को लेकर ऐसे हालात बनना स्वाभाविक है। ध्यान ये भी रहे कि दो तीन साल पहले सरकार ने यूनिवर्सटी को बजट की बजाय कर्ज देने का प्लान बनाया था। इसके लिए बकायदा विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी कर दिए गए थे।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
2 जुलाई 2024



कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

## रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वांइट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।





### ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।

### दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

### कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।

### सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें।

डाइट सजेशन / रिया शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

## बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।

### क्या खाएं



- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।
- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं।

प्रस्तुति:रिचा पांडे

### इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

## सौंदर्य निखारे एलोवेरा

एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।

**एजिंग प्रोसेस को कम करे:** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।



**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूज:** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**सूजन करे दूर:** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।



**बहुत यूजफुज है जैल:** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप में:** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयर:** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं।

मेकअप / निधि गोयल

सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।

## रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयार:** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।

**कंसीलर का इस्तेमाल:** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।





**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिव:** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडो:** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्कारा:** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिक:** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं।


**(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

ब्यूटी-योगा / हेतल शाह
योग एक्सपर्ट

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए ब्यूटी केयर की जरूरत होती है। इसके साथ अगर आप कुछ योगासन रेग्युलर करेंगी तो भी आपकी खूबसूरती में निखार आएगा।

## चाहिए अगर ग्लोइंग स्किन रेग्युलर करें योगासन

गलत खान-पान और आदतों की वजह से हेल्थ बिगड़ने के साथ-साथ चेहरे की चमक भी कम होती चली जाती है। ऐसे में आप अपनी स्किन को ग्लोइंग, हेल्दी और खूबसूरत बनाने के लिए योग का सहारा ले सकती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि योग न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि योगा से आप स्किन में भी नई चमक ला सकती हैं और अपने चेहरे के फीचर्स को हाईलाइट कर सकती हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही योगासनों के बारे में बता रहे हैं। लेकिन इन सभी का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही करें।



फेस योगा फेशियल स्लैपिंग



मत्स्यासन



भुजंगासान

**फेस योगा फेशियल स्लैपिंग :** फेस योगा आप जब चाहें ऑफिस में बैठकर कलीग से बात करते हुए, घर का काम करते हुए भी कर सकती हैं। इस क्रिया को करने के लिए पीठ को सीधा करके आराम से बैठ जाएं। इसके बाद मुंह में हवा भर लें। अब अपने चेहरे को अंगुलियों की मदद से टैप करते रहें। ध्यान रहे ऐसा करते हुए आपको चेहरे पर प्रेशर नहीं देना है। इस तरह की टैपिंग से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोजाना इस योगासन को करने से चेहरे पर कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन ग्लोइंग बनती है। इस योगासन को करने से चेहरे के छोटे रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।


**हलासन :** हलासन में ब्लड सर्कुलेशन चेहरे और सिर की ओर होता है। इससे चेहरे का ग्लो बढ़ता है। इस आसन में शरीर को बिना किसी परेशानी जितनी देर रोक सकती हैं, रोकें।



**मत्स्यासन :** मत्स्यासन में सिर के सहारे कंधे और कमर को ऊपर उठाकर बैलेंस किया जाता है। इससे ब्लड फ्लो सिर की ओर होता है। यह आसान शरीर को रिलैक्स करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी मदद करता है।

**भुजंगासान :** भुजंगासान कमर और कंधों के दर्द को ही दूर करने में ही कारगर नहीं बल्कि आपको रिलैक्स करके आपके मूड को भी अच्छा करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इससे स्किन सॉफ्ट होती है और चेहरे पर ग्लो बना रहता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन में शरीर को कंधों और सिर पर बैलेंस किया जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सिर और चेहरे की ओर होता है। यह स्किन का ग्लो बढ़ाने का काम तो करता ही है साथ ही इससे कील-मुंहासों की समस्या भी दूर होती है। इस आसन में ब्लड का फ्लो सिर और चेहरे की तरफ होता है।



जिससे स्किन को ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है, जो स्किन से जुड़ी हर तरह की परेशानी को दूर करने के साथ ही चेहरे पर चमक लाने में भी बहुत ही फायदेमंद है।

प्रस्तुति:ललिता गोयल

## खबर संक्षेप

### बच्चों को जीवन मूल्य बताने के लिए करवाई स्पर्धाएं

**रोहतक।** तेज कॉलोनी में स्थित भगतसिंह लाइब्रेरी में 'दिशा छात्र संगठन' और 'अनुराग ट्रस्ट' की ओर से एक बाल सर्जनात्मकता शिविर का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय सर्जनात्मकता शिविर में बच्चों के बीच व्याख्यान, नाटक, फ़िल्म शो, जादू शो, वैज्ञानिक प्रयोग, संगीत, पेंटिंग, क्ले आर्ट, ओरिगेमी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां संचालित हुई।

### एमडीयू में 3 नए कानूनों पर चर्चा की

**रोहतक।** मदवि के विधि विभाग में पूरे देश में 1 जुलाई से लागू हुए तीन नए कानूनों पर सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। विधि विभागाध्यक्ष कक्ष में आयोजित इस सामूहिक चर्चा कार्यक्रम में हाल ही में लागू हुए तीन नए कानूनों- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**रोहतक।** 2 हरियाणा कन्या वाहिनी सीसी रोहतक द्वारा महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल अमित मैथ्यू के नेतृत्व में एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर रश्मि राय चौधरी के दिशा निर्देशन में किया गया।

### पुलिस लाइन में चलाया सफाई अभियान

**रोहतक।** पुलिस द्वारा लाइन परिसर, थाना-चौकियों में एसपी हिमांशु गर्ग दिशानिर्देशों सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में महिला कर्मचारियों ने भी बढ-चढ़कर भाग लिया है। मैदान, पार्क, छतों पर सफाई की गई। पुलिस लाइन, थाना-चौकी में कूड़े कचरे को इकट्ठा कर साफ-सफाई की गई।

### कानूनी प्रणाली में बड़ा बदलावः एडीजे अनिल

**रोहतक।** सुनारिया स्थित जिला जेल परिसर में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तीन आपराधिक कानूनों के संबंध में एक दिवसीय विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कौशिक रहे।

### स्टेनो और कंप्यूटर ऑपरेटर का पद भी खाली

# कैसे होगा महम खंड के गांवों का विकास? जेई के तीन पद स्वीकृत, तीनों पद खाली

### ग्राम सचिव के भी तीन पद रिक्त हैं, दूसरे ब्लॉक के कनिष्ठ अभियंताओं के सहारे चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम



**महम।** खंड कार्यालय महम का भवन।

भाजपा के स्थानीय नेता महम खंड के गांवों में विकास कार्यों में तेजी लाने की बात कर रहे हैं। लेकिन महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में विकास कार्यों का एस्टीमेट तैयार करने वाले एक एसडीओ और तीन जेई के पद खाली पड़े हैं। खंड कार्यालय की इंजिनियरिंग विंग की बात की जाए तो यहां पर एक एसडीओ का पद स्वीकृत है और तीन पद जेई के स्वीकृत हैं। इंजिनियरों के तीनों पद खाली पड़े हैं। महम खंड की ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का एस्टीमेट तैयार करने और निर्माण कार्यों को संपूर्ण जिम्मेवारी इंजिनियरिंग विंग की होती है। यहां एसडीओ तो हैं, लेकिन उनको रोहतक खंड की अतिरिक्त जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसी प्रकार लाखनमाजरा के दो जेई यहां का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे हैं। महम के खंड कार्यालय में स्टेनो और कंप्यूटर ऑपरेटर के पद भी खाली पड़े हैं। ग्राम पंचायत सचिव के 12 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से ग्राम पंचायत सचिव के दो पद खाली हैं और एक ग्राम सचिव सस्पेंड चल रहे हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों का भी प्रदेश में टोटा बना हुआ है। महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी भी सेवानिवृति के बाद यहां बीडीपीओ की जिम्मेवारी देख रहे हैं। यदि यह कहा जाए तो यह गलत नहीं होगा कि महम खंड की ग्राम पंचायतों के विकास कार्य दूसरे खंडों के उधार के कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। उनके पास अपने खंड के गांवों के अलावा महम के खंड गांवों के विकास कार्यों की भी जिम्मेवारी है। कर्मचारियों के खाली पदों की वजह से महम खंड विकास कार्यों में तेजी कैसे आएगी, यह एक बड़ा सवाल है। महम खंड के विकास कार्यों में तीव्रता लानी है, तो यहां पर खाली पड़े कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरा जाए।

#### जल्द ही कनिष्ठ अभियंताओं के पद भरे जाएंगे : बीडीपीओ

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र धनखड़ ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए विभागीय प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद है कि जल्द ही महम खंड को स्थाई कनिष्ठ अभियंता मिल जाएंगे। अन्य खाली पदों को भरने के लिए भी विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखा गया है। जिस तरह से प्रदेश सरकार कार्यों में तेजी ला रही हैं, उससे लगता है कि अन्य पदों को भी भरा जाएगा।



## टाबर उत्सव में छात्राओं ने शिल्पकला की बारीकियां जानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में शिक्षा विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान चल रहे स्कूल स्तरीय ग्रीष्मकालीन शिविर टाबर उत्सव का सोमवार को समापन हो गया। इस उत्सव में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह शिविर एक जून से 30 जून तक जिला कॉर्डिनेटर डॉ. सुनीता अहलावत डाइट मदीना की देख रेख में आयोजित किया गया। डॉ. सुनीता ने बताया कि छात्राओं ने शिविर के दौरान बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया व लगन के साथ शिल्पकला को सीखा। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। शिक्षा विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गये।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी रोहतक डॉ. रंजना दलाल, खंड शिक्षा अधिकारी लाखन माजरा रितु पंघाल, बीआरसी रोहतक सुंदरलाल, बीआरसी लाखन माजरा सदानंद, बीआरसी कलानौर साधना, सतीश डाइट मदीना, विद्यालय प्राचार्या मीता कंसल, मास्टर ट्रेनर सुखमनजीत, सहायक पुष्कर, रणवीर, डॉ. नीलम भाकर सहित स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### छुट्टियों के बाद स्कूल आने पर बच्चों का किया स्वागत



**रोहतक।** केवीएम स्कूल में गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के बाद बच्चे जब पहुंचे तो बच्चों का तिलक लगाकर व स्माइली, हैंड बैंड फ्लावर, पेपर बुके आदि देकर स्वागत किया गया। सभी बच्चे हर्षोल्लास के साथ स्कूल आए। स्कूल प्रधानाचार्या मीना कौशिक ने बच्चों को अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी।

### अतुल व सिपांशी मॉडल संस्कृति के रोल मॉडलः रेनू



**रोहतक।** ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर जिला समग्र शिक्षा अधिकारी रेनू खत्री ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के द्वारा गृह कार्य के रूप में तैयार विभिन्न विषयों के मॉडल, चार्ट इत्यादि को सराहा। इसके साथ-साथ पूरे विद्यालय में नवनिर्मित बिल्डिंग, लाइब्रेरी, कंप्यूटर, इको क्लब एक्टिविटी पिछले वर्ष के पौधों के रख-रखाव इत्यादि का मुआयना किया। विद्यालय के प्रथम दिन सफाई, अनुशासन, छात्र संख्या में बढ़ोतरी इत्यादि की उन्होंने भूरी-भूरी प्रशंसा की। उनके साथ प्राचार्य मॉडल संस्कृति महम राजेश नांदल, ऐपीसी राजेश मलिक भी साथ रहे। विद्यालय प्राचार्य संदीप नैन एवं समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत किया एवं विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। जेईई मेन में 98.7 परसेंटाइल से क्वालीफाई करने वाले अतुल और पूरे खंड में 95% अंक लेकर 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सिपांशी को रेनू खत्री ने विशेष रूप से विद्यालय के भविष्य के छात्र-छात्राओं के लिए रोल मॉडल बताया।


**महम।** आर्य स्कूल मदीना में आयोजित यज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक।

### वन महोत्सव के उपलक्ष्य में आर्य स्कूल में हुआ यज्ञ

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में हवन किया गया। आचार्य करतार शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ किया। यज्ञ में सभी विद्यार्थियों एवम् शिक्षकों ने मिलकर वैश्विक मंगल कामना हेतु आहुतियां डाली। प्राचार्य अशोक दांगी ने 1 से 7 जुलाई तक मनाए जाने वाले वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वृक्षों और यज्ञ के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी को हवन करने और वन महोत्सव के दौरान कम से कम एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल निदेशिका लतेश दांगी ने भी विद्यार्थियों को पेड़ पौधों का महत्व समझाया। इस मौके पर छात्रों सहित समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# हिट एंड रन कानून को वापस ले सरकार


**रोहतक।** हिट एंड रन कानून लागू करने पर बस स्टैड पर अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते हुए हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मांगें पूरी न होने से नाराज हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोहतक डिपो में सभी यूनियन ने प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया। संचालन सांझा मोर्चा वरिष्ठ सदस्य जयकुंवार द्वारा किया गया। सुमेर सिवाच, जयकुंवार दहिया, गिरिराज, सुरेश नहरा, राजेश आदि ने बताया कि सरकार ने जो हिट एंड रन कानून लागू किया है उसका रोडवेज कर्मचारी विरोध करते हैं एवं इस कानून वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारियों के अर्जित अवकाश में कटौती कर दी है, कर्मशाला के कर्मचारियों की त्योहारों की छुट्टी बंद कर दी, कर्मचारियों को तकनीकी वेतनमान नहीं दिया जा रहा, कर्मचारियों को ज्वाईनिंग तिथि से पक्का नहीं किया जा रहा, परिवहन मंत्री से हुई वार्ता में मानी गई मांगों को लागू नहीं किया जा रहा। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि रोडवेज कर्मचारीयों द्वारा सांझा मोर्चा के आह्वान पर करनाल स्थित मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन एवं घेराव कर रोष प्रकट किया गया था, जहां आला अधिकारियों ने सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत कर मांगों का समाधान करना सुनिश्चित किया गया परंतु ऐसा नहीं हुआ, विरोध स्वरूप रोडवेज कर्मचारियों ने सभी रोडवेज डिपो पर 2 घंटे प्रदर्शन कर विरोध जताया है।

#### 14 जुलाई को घेराव की तैयारी

रोडवेज का कर्मचारी हजारों की संख्या में 14 जुलाई को अंबाला में परिवहन मंत्री आवास का घेराव करने जाएगा। राज्य सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य सुमेर सिवाच, जयकुंवार दहिया, शिवकुमार, सतबीर मुंढाल आदि ने बताया कि हिट एंड रन कानून लागू होने से सड़क पर होने वाली दुर्घटना में चालक पर दस वर्ष की कैद एवं 7 लाख रुपए जुर्माना तय किया है। सरकार से अपील की कि हरियाणा एवं केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन चालक विरोधी काला कानून वापिस ले। इसके अलावा 265 रूटों पर दिऐ जाने वाले परमिटों पर रोक लगाकर विभाग में बसों का बेड़ा बढ़ाया जाए, विभाग में आने वाली 375 इलेक्ट्रिक बसों को प्राईवेट मालिकों को परमिट देने के बजाय किलोमीटर पर चलने वाली बस एवं इन पर कार्यरत्त चालकों को हरियाणा रोडवेज में मर्ज कर विभाग में कर्मचारियों की पक्की भर्ती की जाए। प्रर्दशन के दौरान सुमेर सिवाच, नरेश सिवाच, गिरिराज, जयकुंवार दहिया, रोहित देशवाल, प्रदीप हुन्डा, सतबीर मुंढाल, राजेश पंघाल, प्रवीण कुमार, सुरेंदर दलाल आदि शामिल रहे।



## 104 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** भारतीय विकास परिषद के संस्थापक सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष में भारतीय विकास परिषद की युवा शाखा रोहतक की तरफ से नई बस स्टैंड के सामने हुडा सिटी पार्क के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाए गए इस शिविर में 104 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में समाजसेवी हरीश पुनियानी मुख्य अतिथि, सब. डिवीजनल मजिस्ट्रेट आशीष वशिष्ठ और तहसीलदार डॉ. प्रमोद मेहरा विशिष्ट अतिथि रहे। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गाय। शिविर का आयोजन अध्यक्ष श्रेष्ठ मलिक, सचिव रेनु खटोड़, कोषाध्यक्ष राहुल जैन, महिला संयोजिका सुमन गर्ग व कार्यक्रम संयोजक मनोज गर्ग की देखरेख में हुआ।

## अशोक खुराना ने सुभाष नगर वाल्मीकि बस्ती की गलियों का निर्माण शुरू करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


**रोहतक।** नारियल फोड़कर निर्माण की शुरुआत करते हुए पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना व प्रधान कृष्ण वाल्मीकि।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व निगम पार्षद अशोक खुराना ने सुभाष नगर बाल्मीकि बस्ती की गलियों का निर्माण शुरू करवाया। इस अवसर पर सुभाष नगर वाल्मीकि बस्ती के प्रधान कृष्ण वाल्मीकि ने नारियल फोड़कर निर्माण की शुरुआत की। अशोक खुराना ने बताया कि 12 लाख रुपये की लागत से बस्ती की मुख्य गली सहित सभी गलियां सीमेंट से बनाई जा रही है। स्थानीय निवासियों द्वारा काफी समय से गलियों के निर्माण की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े पांच वर्षों में वार्ड में 12 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य हुए हैं, इनमें सड़क, गली, सभागार का निर्माण, स्ट्रीट लाइट पार्कों का सौंदर्यीकरण व नवीनीकरण, मरम्मत के कार्य शामिल हैं। भाजपा नेता ने कहा कि 2 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर सुभाष मल्होत्रा, प्रवीण सहगल, श्री ओम, श्री भगवान, संदीप, अंकित, राजे, बलवान, बिजे, चरणा, सेवा विकी, सत्यवान, विजय, फूल कुमार, आशु, क मल सूरजभान, महेंद्र, संदीप ईश्वर आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को फास्ट फूड के नुकसान बताए पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया



**रोहतक।** एमडीएन विद्यालय में डॉक्टर डे के उपलक्ष में सेमिनार का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के लिए होली हार्ट की इमरजेंसी प्रमुख डॉ. गार्गी ने कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों को हेल्थ एंड हाइजीन का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को बताया कि हम अपने चारों ओर सफाई रखकर, उचित खानपान तथा व्यायाम के नियमित अभ्यास से काफी बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। उन्होंने फास्ट फूड के नुकसान बताकर बच्चों को पौष्टिक भोजन खाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्या मीनू तहलानिया ने चिकित्सक का महत्व समझाया तथा पौधा भेंट कर डॉक्टर गार्गी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की नर्स अंजू, मिडल विंग इंचार्ज व सभी अध्यापक मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, शीला पत्नी स्व. श्री रामफल निवासी गांव कन्साला जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र आशिष मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**NAME & DOB CHANGE**

I, No-16014518F Ex. NK (TS) Narander Kumar R/o Vill-Rankhanda, PO- Dawla, Distt. Jhajjar (HR) 124103 declare that I have changed the name of my son VIKALP to VIKALP KUMAR with DOB- 21 Oct. 2008 and my wife Seema Rani with DOB 02 Feb. 1989 for change in my service record and for all purposes.

### महिला आयोग पीड़ित महिलाओं को जल्द से जल्द न्याय दिलाने का प्रयास कर रहा

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष पहुंची थाने, सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


**रोहतक।** महिला थाना में समस्या सुनते हुए हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल व एसएचओ सुदेश ।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल सोमवार को महिला थाने में पहुंची। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं। उन्होंने कहा कि महिला आयोग पीड़ित महिलाओं को जल्द से जल्द न्याय दिलाने का प्रयास कर रहा है। राज्य सरकार महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं। सोनिया अग्रवाल ने महिला थाने में 4 शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों के जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शारीरिक शोषण के एक मामले में उन्होंने जांच अधिकारी को एक सप्ताह में जांच पूरी कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। भिवानी से शिकायत लेकर आई रेणू शर्मा की शिकायत सुनने के बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से बात की और शिकायतकर्ता की बात सुनने को कहा। अन्य मामलों में सुनवाई के दौरान उन्होंने संबंधित पक्षों से आवश्यक दस्तावेज लिए और उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

#### हर जिले में महिला थाने स्थापित

सरकार ने हर जिले में महिला थाने स्थापित किए हैं। इन थानों में महिला स्टाफ की भी नियुक्ति की गई है, ताकि महिलाएं अपनी समस्याएं महिला स्टाफ को बिना झिझक बता सकें। इसके अलावा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दुर्गा शक्ति दस्ते भी बनाए गए हैं।

#### दुर्गा शक्ति वाहनों की स्कूल कॉलेजों पर नजर

दुर्गा शक्ति वाहन के माध्यम से पुलिस सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी के प्रवेश द्वारों पर विशेष नजर रख रही है। इस दौरान महिला थाना एसएचओ सुदेश व अन्य मामलों के जांच अधिकारी मौजूद रहे।

### गल्ले से रुपये चोरी के मामले में दो काबू

**रोहतक।** पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से रुपये चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर हासिल किया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सुलेन्द्र ने बताया कि 30 जून को कलानौर निवासी हिमांशु की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि हिमांशु ने पुराना बस स्टैंड कलानौर के पास किरयाने की दुकान कर रखी है। 29 जून को हिमांशु अपनी दुकान को बंद कर अपने घर चला गया। 30 जून को हिमांशु अपनी दुकान पर आया तो उसे दुकान का ताला टूटा व दुकान का सामान बिखरा हुआ मिला।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- BAMS 2
- RMO 2
- COMPUTER OPERATOR 2
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- PHARMACY BILLING STAFF 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र**
- मन उदास रहना (डिप्रेशन),
- चिन्ता करना, नींद की समस्याए
- फिजूल के विचार आना (OCD)
- सिरदर्द (माइग्रेन)
- शक-वहम होना
- सभी प्रकार के दौरे
- बाईपोलर डिसार्डर
- भूलने की बीमारी
- नशा मुक्ति
- अत्यधिक गुस्सा करना
- स्किजोफ्रेनिया,
- घबराहट
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बेचैनी

यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466 8685805302

## खबर संक्षेप

### घरौठी के सरकारी स्कूल से इन्वर्टर व बैट्री चोरी

**महम।** घरौठी गांव के सरकारी स्कूल से इन्वर्टर व बैटरी चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौठी की प्रिंसिपल मंजू हुड्डा ने बताया कि एक जून से 30 जून तक सरकारी स्कूल की छुट्टियां थी। एक जुलाई को विद्यालय खुलने पर पता चला कि विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के स्टाफ रूम के पीछे खिड़की उखाड़कर चोर एक इन्वर्टर व बैटरी चुरा ले गए। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।



### सरोज गुप्ता के मरणोपरांत नेत्रदान कराए

**रोहतक।** राष्ट्रीय नेत्रदान महादान के अंतर्गत भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक अशोक कुमार गुप्ता ने विजय गुप्ता के सहयोग से जनता कॉलोनी निवासी स्वर्गीय सरोज गुप्ता के मरणोपरांत नेत्रदान करवाए। इस कार्य में परिवार सहित आलोक गुप्ता एवं प्रमोद गुप्ता का योगदान रहा। सिविल हॉस्पिटल आई बैंक के डॉक्टर्स की टीम डॉ. सचिन सहगल, डॉ. साक्षी, अपूर्वा, डॉ. नरेंद्र एवं प्रदीप द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई। अशोक गुप्ता ने बताया कि समाज में नेत्रदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए नेत्रदान के प्रति समर्पण भाव दिखाना चाहिए।

# आंदोलन की राह पर डॉक्टर काले बिल्ले लगा जांचे मरीज

## एडमिशन के लिए बॉन्ड राशि एक करोड़ से घटाकर 50 लाख करने की मांग





रोहतक। सिविल अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर मीटिंग करते सिविल मडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के सदस्य और काले बिल्ले लगाकर मरीजों की जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर आंदोलन की राह पर हैं। सोमवार को सिविल अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी, डिस्पेंसरी, पॉली क्लीनिक के डॉक्टर्स ने काले बिल्ले लगाकर मरीजों की जांच की। लगातार अनदेखी और मांगें नहीं मानने से डॉक्टर गुस्से में हैं। आंदोलन का आगाज कर दिया गया है।

सांकेतिक रूप से काले बिल्ले लगाकर सरकार को चेतावनी दी गई है कि मांगें नहीं मानी तो हड़ताल भी कर सकते हैं। फिलहाल एक दिन का सांकेतिक विरोध था, लेकिन हरियाणा सिविल मडिकल सर्विसेज एसोसिएशन (एचसीएमएस) ने फैाला लिया है कि उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो एक सप्ताह के बाद बड़ा कदम उठाएंगे, इसके लिए रणनीति बना ली गई है। सरकार को चेता दिया गया और अब डॉक्टर्स को एक सप्ताह सरकार के अगले कदम का इंतजार रहेगा। बता दें कि एडमिशन के लिए बॉन्ड राशी एक करोड़ रुपये से 50 लाख रुपये करने, डॉक्टर्स के खाली पदों को भरने, भत्तों ओर पोस्टमार्टत अलाउंस जैसी कई मांगों को लेकर एचसीएमएस एसोसिएशन आंदोलन कर रही है। एसोसिएशन का आरोप है कि मंजूरी के बाद भी कई मांगों पर कार्यवाही नहीं की जा रही। अब आंदोलन करेन के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

एचसीएमएस से जुड़े रोहतक के करीब 200 डॉक्टर्स ने काली पट्टी लगाकर विरोध जताया। सुबह से ही डॉक्टर ड्यूटी पर थे, विरोध जताया, लेकिन किसी मरीज को कोई परेशानी नहीं हुई। सभी मरीजों को अन्य दिनों की भांति जांचा गया और दवाई दी गई। डॉक्टर्स का कहना है कि हम मरीजों को परेशानी नहीं होने देना चाहते, लेकिन सरकार उनकी मांगों को माने। विरोध करने वाले डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय से मांग रही है की एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) की फाइल जो कई साल से मुख्यमंत्री से अनुमति मिलने के बाद भी लंबित है उसे जल्दी अमल में लाया जाए।

केंद्र सरकार के अनुसार हरियाणा के सरकारी डॉक्टरों को भत्ते दिए जाएं। डॉक्टरों द्वारा किए जाने वाले कामों के लिए सरकार द्वारा गाइडलाइन जारी की जाए। डॉक्टरों ने बताया कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है। जिस हिसाब से जनसंख्या बढ़ रही है उस हिसाब से डॉक्टर नहीं बढ़ाए जा रहे। पद खली पड़े हैं और अब पढ़ाई के लिए भी बॉन्ड की राशी एक करोड़ कर दी गई है। नीट पीजी परीक्षा एक महीने बाद होने वाली है, मध्यम वर्ग से आने वाले छात्रों से एक-एक करोड़ की दो प्रॉपर्टी गिरवी रखवाई जाती हैं, यह प्रक्रिय पूरी करने में सरकारी डॉक्टर सक्षम नहीं हैं, बॉन्ड राशी 50 लाख हो और कुछ भी गिरवी न रखवाकर पोस्ट डेटेड चेक लिया जाए।

### डीलिंग कर्मचारी लेते हैं रिश्वत

डॉक्टर्स का आरोप है कि प्रोबेशन केस, प्रमोशन, एलटीसी, एसीपी केस, पोस्टमार्टम अलाउंस, सीसीएल छुट्टी अप्रूवल और अन्य कई कार्यों के लिए डीलिंग कर्मचारियों द्वारा कई जगह पैसे लिए जाते हैं। पैसे न देने वाले डॉक्टर या कर्मचारियों का काम नहीं होता। इस पर कार्रवाई की जाए। आंदोलन कर रहे डॉक्टर्स ने बताया कि सरकार डायरेक्ट एसएमओ भर्ती करती है तो जो डॉक्टर 20 साल की नौकरी के बाद भी पहले प्रमोशन से एसएमओ तक नहीं बन पाए उनका क्या होगा।

### सरकार मांगों पर ध्यान नहीं दे रही

हमारी मांगों की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही। हम नहीं चाहते कि कोई भी मरीज परेशान हो, लेकिन सरकार हमारी मांगें माने। आंदेलन की रूप रेखा तैयार कर ली गई है। एक सप्ताह में सरकार की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई और मांगों को नहीं माना गया तो बड़ा कदम उठाया जाएगा।

**-विश्वजीज राठी,** प्रधान, एचसीएमएस, एसोसिएशन रोहतक



### अर्बन स्टेट थाने में नए कानूनों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अर्बन स्टेट थाने में सोमवार को नए कानूनों को लेकर ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन व अन्य लोगों बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रतन लाल ने की।

बैठक में थाना प्रभारी ने लोगों को नए कानूनों और धाराओं से अवगत करवाया और आगे भी अन्य लोगों को इनके बारे में जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत, पवन आहूजा, धनराज सिंह रंगा, दीपक मलिक, सुखबीर हुड्डा, करण सिंह हुड्डा, रणबीर सिंह छिल्लर, डॉ. रणजीत मलिक, सुखबीर माथुर, डॉ. सुरेश कादियान, कुलदीप खोखर, संतलाल बद्धवार, कर्नल जयसिंह, नरेंद्र पाल, सुदीप श्योराण, राजेन्द्र सिंह दलाल, इंद्र सिंह हुड्डा, सूरजमल मलिक, डॉ. रणजीत सिंह मलिक मौजूद रहे।




### जन सेवा संस्थान में फल वितरित किए

**रोहतक।** भिवानी रोड स्थित जन सेवा संस्थान वृद्ध आश्रम व अनाथ आश्रम में सोमवार को रोटरी क्लब रोहतक सिटी ने भंडारा लगाया व फल वितरित किए। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. स्वामी परमानंद महाराज ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा में उत्तम कार्य कर रहा है, समय-समय पर क्लब द्वारा संस्थान में सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। क्लब के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि आज उनका कार्यकाल शुरू हुआ है एक वर्ष के कार्यकाल में विभिन्न सामाजिक कार्य करेंगे। जुलाई में रक्तदान शिविर, वृक्षा रोपण के अलावा जरूरतमंदों की सहायता मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस मौके पर ट्रेजरार सुमित गुप्ता, पूर्व प्रधान अजीत पाल सिंह, संदीप गर्ग, नरेश गोयल, मुकेश गुप्ता, एडवोकेट राजेश शर्मा, पवन आदि उपस्थित रहे।



रोहतक। निदेशक डॉ. एसएस लोहचब को ज्ञापन सौंपते हुए गैर शिक्षक कर्मचारी एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## गैर शिक्षक कर्मचारी एसो. के चुनाव करवाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की गैर शिक्षक कर्मचारी एसोसिएशन के चुनाव करवाने के लिए सोमवार को कर्मचारियों ने निदेशक डॉ. एसएस लोहचब को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन महासचिव प्रवीन सैनी के नेतृत्व में सौंपा गया। प्रवीण सैनी ओर सह सचिव बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि गैर शिक्षक कर्मचारी संगठन का कार्यकाल पिछले माह पूरा हो गया था। ऐसे में कर्मचारियों के अंदर नई संगठन चुनने का उत्साह बना हुआ है। वे चाहते हैं कि जल्द से जल्द चुनाव हो। उन्होंने कहा कि फिलहाल कोई भी एसोसिएशन न होने से कर्मचारियों की मांगों को सिरे नहीं चढ़ाया जा रहा। जिसके कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व प्रधान तारीफ सिंह, धर्मेंद्र गोठवाल, राजिंदर पंचाल, सुरेंद यादव, कृष्ण, संजीव भरद्वाज, सुमित, राजेश, जयभगवान शर्मा, अनिष, प्रवीण, नरेश, विक्रम अहलावत और रणबीर उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 162 विद्यार्थियों का चयन

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में रोजगार एवं प्रशिक्षुता मेला लगाया गया। इस मेले में 210 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से विभिन्न ट्रेडों के 162 प्रशिक्षण प्राप्त युवक युवतियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में दसवीं और बारहवीं पास और इलेक्ट्रिशियन, वायरमैन, मकैनिक आरएसी, इलेक्ट्रोनिक्स मकैनिक ट्रेड के अभ्यर्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षुता के लिए पहुंचे थे। आईटीआई पास युवक युवतियों के रोजगार व प्रशिक्षुता का साक्षात्कार लेने के लिए मानेसर, रोहतक, बहादुरगढ़ व रेवाड़ी से कंपनियों के अधिकारी पहुंचे थे। प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने चयनित युवाओं को रोजगार व प्रशिक्षुता के लिए चयनित होने पर बधाई दी है।

### चौ. देवीसिंह यज्ञशाला में किया हवन



**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्थान के संस्थापक चौ. देवीसिंह की स्मृति में जाट शिक्षण संस्थान में स्थित चौ. देवीसिंह यज्ञशाला में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन के ब्रह्मा तिलक नगर के आर्यसमाज के संयोजक सुखबीर दहिया रहे और हवन के यजमान एडवोकेट चंचल नांदल रहे। हवन के बाद पर्यावरण संरक्षक मनोज सहरावत के सानिध्य में पौधरोपण किया गया। सुखबीर दहिया ने कहा कि पिछले 10 सालों से चौ. देवीसिंह यज्ञशाला में मासिक हवन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हवन के माध्यम से संस्थाओं में शुद्धि फैलती है और पर्यावरण को भी लाभ होता है, साथ ही हर महीने संस्थान के प्रंगण में मंत्र उच्चारणों से चारों ओर वातावरण में सकरात्मकता फैलती है। बलवान माज़रा ने कहा कि ये एक अच्छी परम्परा है। एडवोकेट चंचल नांदल ने कहा कि वर्षा ऋतु में उनका लक्ष्य लगभग 100 छायादार व फलदार पौधे लगाने का है, जिससे आसपास का वातावरण व पर्यावरण शुद्ध हो सके। मास्टर चंद्र सिंह व उर्मिला ने देशभक्ति गीत सुनाए। इस अवसर पर कवर सिंह गुलिया, रामकिशन, मंजू, पूनम, स्नेहलता, उर्मिला, जयबीर, मास्टर चंद्र सिंह दहिया आदि उपस्थित रहे।

### भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन ने एसपी को दी शिकायत, जमीन पर कब्जे का आरोप



**रोहतक।** भूमि विकास बैंक के चेयरमैन रह चुके गांव रुड़की निवासी यशपाल हुड्डा ने एसपी को शिकायत दी है। शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके प्लाट कब्जाए गए हैं। शिकायत में यशपाल ने बताया कि कमल कॉलोनी में सागर विला होटल के सामने उनका 79 गज का प्लाट है, जिसका कुछ लोगों ने फजीर्वाड़ा कर अपने साथ के प्लाट में 74 गज जमीन मिला रजिस्ट्री करवा ली और वे प्लाट को आगे बेचे जा रहे हैं। यशपाल ने इस फजीर्वाड़े में कई राजनितिक लोगों का शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पिछले 15 साल से वे कई दफा शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आरोपियों के प्रभावशाली होने की वजह से कोई कार्रवाई नहीं होती। अब नए कानून लागू होने पर उनको आस है कि कानून से उन्हें इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का बहुत बड़ा फजीर्वाड़ा है अगर इस मामले की जांच की जाए तो बहुत से मामले सामने आएंगे।

### बालकिशोर पर हमला के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने शोभा यात्रा में बालकिशोर पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बालकिशोर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि बालकिशोर 22 जून को अपने दोस्तों के साथ पाडा मौहल्ला नजदीक वाल्मिकी मंदिर के पास शोभा यात्रा में गया हुआ था। नाबालिग के दोस्तों ने बताया कि झगडा हो गया है। चार-पांच युवकों ने बालकिशोर के साथ मारपीट कर चाकू से पेट पर वार किया। भीड ने बालकिशोर को छुडाया व युवक भीड़ को देखकर मौके से भाग गए। जांच के दौरान 30 जून को आरोपी राहुल निवासी पाडा मौहल्ला को गिरफ्तार किया गया है।

### एसजेके कॉलेज में नए कानून पर व्याख्यान

**रोहतक।** उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सोमवार को सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज कलानौर के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा तीन नये आपराधिक कानून जिन्हें 1 जुलाई से लागू किया गया है उन पर व्याख्यान आयोजित किया गया। राजकुमार वत्स, लाईब्रेरियन द्वारा संबधित विषय पर विस्तारपूर्वक जानकरी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएगा व कानून व्यवस्था आम लोगों के लिए सुगम होगी। नए कानूनों के लागू होने के साथ ही आज से देश की अदालतों में दंड की जगह न्याय देने पर फोकस होगा। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने बताया कि सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों का सही तरीके से पालन करना चाहिए। कानूनी सारक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विकास कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. मानसा राय, डॉ. रीतू, डॉ. दीपा जुनेजा आदि मौजूद रहे।



## अंतिम कुंडू का टिटौली पहुंचने पर भव्य स्वागत



रोहतक। खिलाड़ी अंतिम कुंडू का स्वागत करते हुए ग्रामीण व स्वामी आदित्यवेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव टिटौली की बेटी अंतिम कुंडू जॉर्डन से सोना लेकर सोमवार को देश लौटी। इनका नई दिल्ली स्थित एयरपोर्ट और गांव पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर अंतिम को लेने पहुंचे स्वामी आदित्यवेश, सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा के उप प्रधान अंतिम कुण्डू के चाचा अजयपाल आर्य, ब्लॉक समिति सदस्य सुरेश पहुंचे। कुण्डू ने जॉर्डन में आयोजित महिला एशियन कुश्ती चैम्पयनशीप के अंडर 23 के 65 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीता है। कार्यक्रम में स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि अंतिम कुंडू हरियाणा का गौरव ओर भारत की शान हैं। इन्होंने प्रथम आकर यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी से कम नहीं। उन्होंने परिवार जनो तथा आर्य अखाडा टिटौली के कोच ओर प्रबंधक मंडल को भी बधाई दी। कुण्डू खाप के प्रधान जयवीर कुंडू ने अंतिम को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अंतिम ने कुण्डू कुल के साथ साथ भारत का नाम रोशन किया है। अंतिम आज बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई है। अजयपाल आर्य ने कहा कि अंतिम पिछले चार साल से अखाड़े में मेहनत कर रही है। इसका अगला लक्ष्य ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है।

### अब तक की उपलब्धियां

- 2022 की उपलब्धियां
- 29 मई को रांची में गोल्ड मेडल
- 28 जून पंचकुला गोल्ड
- 22 सितम्बर को जसोला में ब्रॉन्ज अक्टूबर को दिल्ली में सिल्वर मेडल
- 15 नवम्बर को हरिद्वार में ब्रॉन्ज
- 26 अगस्त को मदवि रोहतक में गोल्ड मेडल
- 6 दिसंबर को बहादुरगढ़ में गोल्ड
- 29 दिसंबर बोहर रोहतक गोल्ड मेडल

### 2023 की बड़ी उपब्धियां

- 23 जनवरी को गोंडा में गोल्ड
- खेलो इंडिया भोपाल में सिल्वर
- 12 से 20 जुलाई 2023 को एशियन कुश्ती चैंपियनशिप जॉर्डन में सिल्वर मेडल
- 14 से 20 अगस्त 2023 को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप जॉर्डन में सिल्वर
- राजस्थान के कोटा मे महिला हिन्द केसरी नवंबर 2023
- 13 अप्रैल 2024, किरगिस्तान में सीनियर एशिया में ब्रॉज मेडल

### कई मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ की बैठक

## हेल्थ यूनिवर्सिटी बीएलएस और एएलएस कोर्स करवाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जल्द अपना बीएलएस और एएलएस कोर्स करवाएगा। उम्मीद है कि अगस्त से यह कोर्स शुरू हो जाएगा। इसके लिए सोमवार को स्वर्ण जयंती सभागार में कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. धूरव चौधरी सहित कई मेडिकल कॉलेजों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस कोर्स को वैलिडेट करवाने के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल, शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज मेवात, खानपुर मेडिकल कॉलेज, आदेश, वर्ल्ड, एनसी, ईएसआईसी मेडिकल कालेजों के अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने कहा कि एनएमसी की नई गाइडलाइन के अनुसार पीजी की शिक्षा के दौरान यह कोर्स जरूरी है। निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने विश्वविद्यालय का अपना एक कोर्स मॉड्यूल बनाने के लिए डॉ. धूरव चौधरी, डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. सुरेश सिंघल, डॉ. प्रशांत कुमार की टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतने कम समय में मेहनत करके जो इस कोर्स की रूपरेखा तैयार की है, उससे पूरे प्रदेश व आसपास के क्षेत्रों के पीजी छात्रों को राहत मिलेगी।



### कोर्स जरूरी करना होगा

डॉ. धूरव चौधरी ने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए अब बीएलएस और एसीएलएस कोर्स जरूरी कर दिया गया है। अभी तक बहुत सी नेशनल और इंटरनेशनल सोसायटी हैं जो अपने-अपने कोर्स की ट्रेनिंग करवाते हैं, लेकिन कोर्स महंगा होने के कारण पीजी छात्रों को परेशानी न आए इसके लिए उनके साथ डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. सुरेश सिंघल, डॉ. प्रशांत कुमार ने मिलकर एक बीएलएस और एसीएलएस कोर्स का मॉड्यूल तैयार किया गया है।

बैठक में एक्सर्टनल एक्सपर्ट डॉ. बलजीत सिंह जोकि प्रो. एमिरेट्स हैं, डॉ. हर्ष सपरा मेदांता न्यूरो क्रिटिकल केयर के एक्सपर्ट, कर्नल मुकुल, अमृता अस्पताल से डॉ. नीति बतरा ने भी मंथन किया कि पीजी छात्रों को इस कोर्स में क्या-क्या जानना जरूरी है।

### सर्टिफिकेट दिए जाएंगे

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि सभी का मानना था कि यह कोर्स ज्यादा से ज्यादा वीडियो व हैंड्स ऑन के माध्यम से करवाया जाएगा। कोर्स के पूरा होने के बाद यूएचएस सर्टिफिकेट देगी। यह पीजी के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि कोर्स के बाद ट्रेनर तैयार किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20